
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UHIN/2012/43078 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

सीतापुर से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

सीतापुर, शनिवार, 07 फरवरी 2026
वर्ष 14, अंक 288, पृष्ट 04, मूल्यः 01 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

नहर माइनर की पटरी कटी, पानी गांवों में घुसा, 50 बीघा फसल जलमग्न..03

पंचायत सचिव खोजवा ड्यूटी के दौरान शराब ठेके से एक पेटी शराब लेते हुए वीडियो वायरल..04

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे प्रशांत किशोर, CJI सूर्यकांत ने पटना लौटाया, बोले- लोगों ने रिजेक्ट किया तब याद आई?

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रशांत किशोर की जनसुराज को सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई है. प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज कथित फ्रीबीज को लेकर बिहार चुनावों को रद्द करने की मांग के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी. सुप्रीम कोर्ट में आज यानी शुक्रवार को जन सूरज पार्टी की याचिका सुनवाई हुई. इस दौरन सीजेआई सूर्यकांत ने जनसुराज को फटकार लगाई और कहा कि हारी हुई पार्टी के कहने पर अदालतों का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता. आप वापस पटना हाईकोर्ट जाइए. सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया. प्रशांत किशोर की जनसुराज की दलीले सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को पटना हाईकोर्ट जाने को कहा. सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि जब लोग आपको रिजेक्ट कर देते हैं, तो क्या आप राहत पाने के लिए न्यायिक मंच का इस्तेमाल करते हैं।

**जनसुराज ने क्या-क्या कहा?**

वहीं, याचिकाकर्ता ने दलील कि जब राज्य में आचार संहिता लागू था, उस दौरान महिलाओं को 10-10 हजार रुपये ट्रांसफर किया गया. इस पर सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि यह महिलाओं की सहायता के लिए जारी राशि का हिस्सा था. सुप्रीम कोर्ट में प्रशांत किशोर की पार्टी के तरफ वकील चंद्र उदय सिंह ने दलीलें रखीं. उन्होंने कहा कि यह तय समय पर सोच समझकर किया गया और यह सभी महिलाओं के लिए हो गया जिनके पति इनकम टैक्स के दायरे में नहीं हैं. इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि चुनाव याचिका में एक चुनाव को मुद्दा बनाया जाता है. आप तो एक ही याचिका में पूरा चुनाव रद्द करने की बात कर रहे हैं. इसकी योग्यता नहीं है।

**जनसुराज की क्या दलील?**

प्रशांत किशोर की पार्टी के तरफ से पेश वकील ने कहा कि यह बहुत गंभीर मुद्दा है. अदालत को इसमें हस्तक्षेप कर जवाब तलब करना चाहिए. सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने साफ कर दिया कि हम नोटिस जारी नहीं कर सकते हैं. क्या थी याचिका में डिमांड? दरअसल, जनसुराज की ओर से दायर याचिका में बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को अवैध बताते हुए रद्द करने की मांग की गई थी. जनसुराज की याचिका में 2025 के बिहार विधानसभा चुनावों से पहले मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए राज्य की एक कल्याणकारी योजना के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया था।

**चलिए जानते हैं सुप्रीम कोर्ट में क्या-क्या हुआ?**

सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने चुनाव हारने के बाद राहत पाने के लिए न्यायिक मंच का इस्तेमाल करने की कोशिश करने पर जनसुराज को फटकार लगाई. प्रशांत किशोर की पार्टी ने 2025 के चुनावों में 243 विधानसभा सीटों में से 242 पर चुनाव लड़ा था, लेकिन एक भी सीट जीतने में नाकाम रही. सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'आपको कितने वोट मिले? जब लोग आपको नकार देते हैं, तो आप राहत पाने के लिए न्यायिक मंच का इस्तेमाल करते हैं! किसी को तो उस समय ही योजना को चुनौती देनी चाहिए थी. यह हमारे सामने प्रार्थना नहीं है. आप बस चुनाव को रद्द घोषित करवाना चाहते हैं.' खास बात यह है कि कोर्ट ने कहा कि इस मामले पर फैसला करने के लिए हाईकोर्ट सही मंच है. सीजेआई ने कहा, 'चूंकि यह सिर्फ एक राज्य से जुड़ा मामला है, इसलिए कृपया उस हाई कोर्ट में जाएं.कुछ मामलों में मुफ्त योजनाओं का गंभीर मुद्दा है जिसकी हम गंभीरता से जांच करेंगे।'

जनसुराज की दलीलः जन सुराज पार्टी की ओर से पेश हुए सीनियर एडवोकेट सीयू सिंह ने कहा कि जिस योजना के तहत मतदाताओं को भुगतान किया गया था, उसे चुनावों से ठीक पहले घोषित किया गया था और भुगतान तब किया गया जब आचार संहिता लागू थी. सीयू सिंह ने तर्क दिया, 'लेकिन जब किसी राज्य में गंभीर वित्तीय घाटा हो और यह एक तरह की खैरात हो कि 10,000 रुपये तुरंत दिए जाएंगे और आचार संहिता लागू होने के तुरंत बाद 35 लाख से ज़्यादा लोग इस योजना में नामांकित हो गए.' CJI ने जवाब दिया कि डायरेक्ट ट्रांसफर योजना अलग है. यह महिला स्वयं सहायता समूहों के बारे में है. कोर्ट ने कहा कि हालांकि वह मुफ्त योजनाओं के मुद्दे की जांच करेगा, लेकिन उसे याचिकाकर्ता की नेकनीयती भी देखनी होगी. जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, 'हम मुफ्त योजनाओं के मुद्दे पर विचार करेंगे. लेकिन हमें नेकनीयती भी देखनी होगी... हम किसी ऐसी पार्टी के कहने पर ऐसा नहीं कर सकते जो अभी-अभी चुनाव हारी है. जब आप सत्ता में आएंगे, तो आप भी ठीक वैसा ही करेंगे.' इसके बाद जनसुराज ने याचिका वापस ले ली. याचिका के अनुसार, इस योजना के लिए पात्रता महिलाओं के सेल्फ-हेल्प ग्रुप के नेटवर्क, जीविका की सदस्यता से जुड़ी थी. राज्य सरकार ने घोषणा की कि जो महिलाएं पहले से जीविका का हिस्सा नहीं हैं, वे भी लाभ पाने के लिए एनरोल कर सकती हैं।

# दिल्ली हिंसाः पुलिस को कोर्ट का नोटिस, आरोपी की जमानत याचिका पर मांगा जवाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




दिल्ली हाई कोर्ट ने फरवरी 2020 में दिल्ली के नॉर्थ-ईस्ट इलाके में हुए दंगों के पीछे की बड़ी साजिश के मामले में 2 आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है. जस्टिस प्रतिभा एम सिंह और जस्टिस मधु जैन की कोर्ट ने आरोपी अतहर खान और सलीम मलिक की ज़मानत याचिकाओं पर नोटिस जारी किया गया है।

कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा और निर्देश दिया कि 2 हफ्ते के अंदर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की जाए. दिल्ली हाईकोर्ट मामले में अगली सुनवाई 3 मार्च को करेगी.

सुनवाई के दौरान सलीम मलिक के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल के खिलाफ आरोप सह-आरोपी सलीम खान और शादाब अहमद जैसे ही हैं, जिन्हें हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दी है. अथर खान के वकील ने भी कहा कि उनके मुवक्किल को सलीम खान के बराबर मानते हुए जमानत मिलनी चाहिए।

**कोर्ट ने ट्रायल के लिए मांगा रिकॉर्ड**

वहीं दिल्ली पुलिस की ओर से वकील ध्रुव पांडे ने कहा कि यह कहना कि आरोपियों की स्थिति जमानत पाने वालों जैसी ही है, शायद सही नहीं है. मामले में नोटिस जारी करते हुए, कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट का रिकॉर्ड मांगा और साफ़ किया कि अगली तारीख पर मामलों में कोई रोक नहीं दी जाएगी. दरअसल, दंगा आरोपियों ने UAPAमामले में जमानत देने से इनकार करने के 29 जनवरी के ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है।

**2020 का है पूरा मामला**

आरोपी 2019-2020 में नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन वाले स्टूडेंट एक्टिविस्ट थे. फरवरी 2020 में देश की राजधानी दिल्ली में हुए सांप्रदायिक दंगों के पीछे 'बड़ी साजिश' रचने के आरोप में गैर-कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम ( UAPA ) और भारतीय दंड संहिता के तहत आरोप हैं. इस मामले में ताहिर हुसैन, उमर खालिद, खालिद सैफी, इशारत जहां, मीरान हैदर, गुलफिशा फातिमा, शिफा-उर-रहमान, आसिफ इकबाल तन्हा (2021 में बेल मिली), शादाब अहमद, तसलीम अहमद, सलीम मलिक, मोहम्मद सलीम खान, अतहर खान, सफूरा जरगर (इंसानियत के आधार पर बेल मिली क्योंकि गिरफ्तार होने के समय वह प्रेग्नेंट थीं), शरजील इमाम, फैजान खान, देवांगना कलिता (बेल मिली) और नताशा नरवाल (बेल मिली) आरोपी हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### वंदे भारत एक्सप्रेस में लगी आग, धुआं देखकर घबराए लोग; रेलवे की तकनीकी जांच पर उठे सवाल



चक्रधरपुर रेल मंडल में हावड़ा-राउरकेला वंदे भारत एक्सप्रेस में तकनीकी खराबी सामने आने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। ट्रेन के पहियों में आग लगने की घटना के बाद रेलवे प्रशासन को आनन-फानन में ट्रेन रोकनी पड़ी और यात्रियों को दूसरी ट्रेन से रवाना किया गया।

**यात्रियों में अफरा-तफरी**

दरअसल, चक्रधरपुर रेल मंडल के टुनिया रेलवे स्टेशन के पास हावड़ा-राउरकेला वंदे भारत एक्सप्रेस में उस समय हड़कंप मच गया, जब इंजन से तीसरे कोच के पहियों में हॉट एक्सल के कारण आग लग गई। घटना के बाद पहियों से धुआं उठने लगा, जिसे देखकर ट्रेन में सवार यात्रियों में घबराहट फैल गई। सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन हरकत में आया और वंदे भारत एक्सप्रेस को टुनिया रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया। मौके पर पहुंची तकनीकी टीम ने आग पर काबू पाया और कोच की मरम्मत की। इस घटना से चक्रधरपुर रेल मंडल मुख्यालय में भी हलचल मच गई। हैरानी की बात यह रही कि टाटानगर और चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की पहले ही जांच की जा चुकी थी, इसके बावजूद चक्रधरपुर से सिर्फ 25 किलोमीटर की दूरी पर यह घटना हो गई।

यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए वंदे भारत एक्सप्रेस में सवार सभी यात्रियों को ट्रेन संख्या 12222 हावड़ा-पुणे एसी दुरंतो एक्सप्रेस में शिफ्ट कर राउरकेला भेजा गया। बाद में वंदे भारत एक्सप्रेस के खाली रैक को राउरकेला पहुंचाया गया। इधर, राउरकेला से हावड़ा जाने वाली ट्रेन संख्या 20872 वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन में कोई दिक्कत न हो, इसके लिए रेलवे प्रशासन ने टाटानगर से एक अलग वंदे भारत रैक राउरकेला मंगाया। इसके बाद यह ट्रेन शाम करीब साढ़े चार बजे राउरकेला के प्लेटफॉर्म नंबर पांच से रवाना हुई। इस पूरी घटना के कारण यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। चक्रधरपुर रेल मंडल में पहले से ही ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्री परेशान हैं। अब वंदे भारत जैसी प्रीमियम ट्रेन में तकनीकी खराबी की घटना से यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता और बढ़ गई है।

# UP में SIR की मियाद फिर बढ़ी, अब 10 अप्रैल को जारी होगा फाइनल वोटर लिस्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उत्तर प्रदेश में वोटर लिस्ट के लिए जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर एक बार फिर से तारीख बढ़ा दी गई है. यूपी के मुख्य चुनाव अधिकारी ने आज शुक्रवार को एसआईआर प्रक्रिया को लेकर तारीख बढ़ाने का ऐलान करते हुए बताया कि इसे एक और महीने के लिए बढ़ा दिया गया है. उनका कहना है कि एसआईआर को लेकर कई दल तारीख बढ़ाने की मांग कर रहे थे. अब 10 अप्रैल को फाइनल वोटर लिस्ट जारी की जाएगी. मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिणवा ने आज बताया कि उत्तर प्रदेश में SIR को लेकर दावे और आपत्ति करने की तारीख फिर से बढ़ा दी गई है. इसे एक और महीने के लिए बढ़ाया गया है. उन्होंने बताया कि 5 फरवरी तक 82,684 फॉर्म-7 तो 37,80,414 फॉर्म-6 को 6 जनवरी से 4 फरवरी तक जमा कराया गया है. इसी तरह से 1073 ओवरसीज से एप्लीकेशन आए हैं. उन्होंने बताया कि सबसे अधिक फॉर्म्स 5 फरवरी को जमा कराए गए, इस दिन 3 लाख से ज्यादा फॉर्म्स आए।

**राजनीतिक दलों ने की थी तारीख बढ़ाने की मांग**

एसआईआर की मियाद बढ़ाए जाने को लेकर नवदीप रिणवा ने बताया कि 27 जनवरी को राजनीतिक दलों के साथ हुई बैठक में तारीख फिर से बढ़ाने की मांग आई थी और सभी इस पर सहमत थे कि समय बढ़ाया जाना चाहिए. इसीलिए इसमें एक महीने का समय बढ़ाया गया है. उन्होंने कहा कि दावे और आपत्तियों का समय एक महीने के लिए बढ़ा दिया गया है. नोटिस का जवाब और सत्यापन के लिए एक महीना का वक्त बढ़ाया गया है. अब 6 मार्च तक फॉर्म-6, फॉर्म-7 और फॉर्म-8 जमा करवा सकते हैं. नोटिस के सुनवाई की प्रक्रिया 27 मार्च तक चलेगी. 27 मार्च तक मैपिंग करवाया जा सकेगा और नोटिस का जवाब दे सकेंगे. जबकि फाइनल वोटर लिस्ट 10 अप्रैल को प्रकाशित होगी।

**ड्रॉफ्ट लिस्ट में 12.55 करोड़ से अधिक वोटर्स**

चुनाव आयोग की ओर जारी आंकड़ों में बताया गया कि उत्तर प्रदेश में SIR प्रक्रिया के तहत अब तक ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में वोटर्स की संख्या 12,55,56,025 थी. इसमें Form 6 की संख्या 54,37,850 थी तो फॉर्म 7 की संख्या 1,33,650 रही. BLAs की ओर से जमा किए गए फॉर्म 6 की संख्या 37,789 रही तो ?आम नागरिकों की ओर से जमा किए गए फॉर्म 6 और 6 A की संख्या 37,81,487 थी. ड्रॉफ्ट वोटर लिस्ट जारी होने के बाद जमा कराए गए फॉर्म 6 की कुल संख्या 38,19,276 थी तो ड्राफ्ट जारी होने से पहले जमा कराए गए फॉर्म 6 की संख्या 16,18,574 थी. ?4 फरवरी तक कुल फॉर्म 6 की संख्या 54,37,850 थी।

# IPS अधिकारी शंकर चौधरी पर विजिलेंस का शिकंजा, दर्ज की FIR, लगे गंभीर आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दिल्ली विजिलेंस यूनिट ने IPS अधिकारी शंकर चौधरी (AGMUT: 2011 बैच) के खिलाफ गंभीर आरोपों में FIR दर्ज की है. यह मामला दिल्ली में बिना अनुमति छापेमारी, अवैध हिरासत और संपत्ति की कथित हेराफेरी से जुड़ा है. जांच के दौरान IPS अधिकारी को लेकर कई बातें सामने आई हैं. विजिलेंस पुलिस स्टेशन, बाराखंभा रोड में दर्ज FIR नंबर 02/2026 में IPS अधिकारी पर IPC की धारा 166, 341, 342 और 409 के तहत केस दर्ज किया गया है. यह FIR 21 नवंबर 2023 से 30 नवंबर 2023 के बीच हुई घटनाओं को लेकर दर्ज की गई है।

**क्या हैं आरोप?**

विजिलेंस जांच में सामने आया है कि IPS शंकर चौधरी ने दिल्ली में बिना किसी लिखित अनुमति या अधिकार क्षेत्र के छापेमारी करवाई की. चौधरी ने एक विदेशी नागरिक हैरिसन को चार दिन तक अवैध रूप से हिरासत में रखा. हैरिसन के घर से लॉकर और बैग जब्त किए, लेकिन न तो कोई सीजर मेमो बनाया न ही संपत्ति को मालखाने में जमा कराया. हिरासत में लिए गए व्यक्ति को 24 घंटे के भीतर मजिस्ट्रेट के सामने पेश नहीं किया गया और न ही कोई गिरफ्तारी रिकॉर्ड बनाया गया. यह हिरासत दिल्ली के मिज़ोरम हाउस, वसंत विहार में रखकर की गई, जो कानून के मुताबिक पूरी तरह अवैध मानी गई है।

**CCTV और गवाहों से खुलासा**

जांच में CCTV फुटेज, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और 13 दिल्ली पुलिस कर्मियों के बयान दर्ज किए गए.फुटेज में साफ दिखता है कि 26 नवंबर 2023 की रात IPS अधिकारी हैरिसन के घर गए. करीब दो घंटे तक वो घर वो घर में रहे. हैरिसन को लॉकर और बैग उठाकर बाहर ले जाते हुए देखा गया. इसके बाद हैरिसन को मिजोरम हाउस में रखा गया, जहां वह 26 से 29 नवंबर तक रहा।

**35 लाख की वसूली का आरोप**

29 नवंबर 2023 को दिल्ली पुलिस के PCR पर एक महिला का फोन आया, जिसमें आरोप लगाया गया कि मिज़ोरम पुलिस ने उनके भाई को पकड़ लिया है और 35 लाख रुपये ले लिए हैं, वहीं अब 20 लाख रुपए और मांग रहे हैं. इस कॉल में IPS शंकर चौधरी का नाम सीधे तौर पर लिया गया. हालांकि कॉल करने वाली महिला का पूरा पता नहीं चल पाया, लेकिन कॉल की टाइमिंग और उसी रात हैरिसन की रिहाई ने मामले को और संदिग्ध बना दिया।

**दिल्ली पुलिस कर्मियों की भूमिका**

जांच में यह भी सामने आया कि कुछ दिल्ली पुलिस कर्मियों ने IPS अधिकारी की मदद की, लेकिन उनके खिलाफ आपराधिक मंशा (mens rea) के ठोस सबूत नहीं मिले. इसलिए उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की सिफारिश की गई है, न कि आपराधिक मुकदमा दर्ज किया गया है।

**विजिलेंस की सिफारिशें**

ज्वाइंट CP (साउदर्न रेंज) एस. के. जैन, IPS ने अपनी रिपोर्ट में साफ कहा है कि IPS शंकर चौधरी के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाया जाए. उनके खिलाफ बड़ी विभागीय कार्रवाई (Major Penalty Proceedings) शुरू की जाए. इसी सिफारिश के आधार पर 5 फरवरी 2026 को FIR दर्ज कर दी गई. इस मामले की आगे की जांच ACP विनय कुमार मलिक को सौंपी गई है. विजिलेंस अधिकारियों का कहना है कि यह केस पुलिस सिस्टम में अधिकारों के दुरुपयोग का गंभीर उदाहरण है और इसकी जांच पूरी पारदर्शिता से की जाएगी।

# UP- 2 साल में एक लाख से ज्यादा लापता, हाईकोर्ट ने लगाई फटकार, सरकार को किया तलब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने उत्तर प्रदेश में बढ़ते गुमशुदा व्यक्तियों के मामलों पर गंभीर चिंता जताते हुए खुद संज्ञान लिया है. कोर्ट ने इस मुद्दे को जनहित याचिका (PIL) के रूप में दर्ज कर राज्य सरकार से विस्तृत आंकड़े और कार्ययोजना मांगी है. एक व्यक्तिगत मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय के संज्ञान में आया कि जनवरी 2024 से जनवरी 2026 तक के लगभग दो वर्षों में उत्तर प्रदेश में 1,08,300 से अधिक गुमशुदगी की शिकायतें दर्ज की गई. इनमें से पुलिस ने मात्र 9,700 मामलों में ही कार्रवाई की और लोगों का पता लगाया. शेष अधिकांश मामलों में कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया. कोर्ट ने इन आंकड़ों को चौंकाने वाला और अत्यंत गंभीर बताते हुए पुलिस की उदासीनता पर नाराजगी जताई. बेंच ने कहा कि लापता व्यक्तियों की शिकायतें ऐसी हैं जिनमें तुरंत कार्रवाई की आवश्यकता होती है, लेकिन राज्य में संस्थागत स्तर पर ही इसकी अनदेखी हो रही है।

**हाईकोर्ट ने सरकार से मांगी जानकारी**

इस मामले को प्रदेश में गुमशुदा व्यक्तियों के संबंध में शीर्षक से जनहित याचिका के रूप में रजिस्टर किया गया. राज्य सरकार के संबंधित विभागों से सभी आंकड़े, रिकॉर्ड और उपलब्ध जानकारी कोर्ट के सामने पेश करने का निर्देश. अपर मुख्य सचिव गृह और पुलिस महानिदेशक को अगली सुनवाई में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने का आदेश दिया।



**रिपोर्ट और आंकड़ों के आधार पर कार्रवाई तय**

कोर्ट ने संकेत दिया कि प्रस्तुत रिपोर्ट और आंकड़ों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी, जिसमें जांच प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए ठोस कदम शामिल होंगे. यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन और न्यायमूर्ति बबीता रानी की खंडपीठ ने पारित किया. मूल मामले में एक पिता ने अपने बेटे की गुमशुदगी पर पुलिस की निष्क्रियता के खिलाफ याचिका दायर की थी, जहां FIR दर्ज होने में डेढ़ साल से अधिक समय लग गया था।

**23 मार्च को होगी अगली सुनवाई**

इस मामले की अगली सुनवाई 23 मार्च को निर्धारित की गई है. कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह मुद्दा केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक तंत्र के लिए बड़ी चुनौती है. यह फैसला उत्तर प्रदेश में लापता व्यक्तियों की बढ़ती संख्या पर सवाल उठाता है और उम्मीद है कि इससे जांच और ट्रैकिंग सिस्टम में सुधार होगा।

# मेघालयः अवैध कोयला खदान में धमाके से 18 मज़दूरों की मौत, कइयों के फंसे होने की आशंका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली-** मेघालय के पूर्वी जयंतिया हिल्स जिले में एक 'अवैध' कोयला खदान में गुरुवार (5 फरवरी) को हुए विस्फोट में कम से कम 18 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य के फंसे होने की आशंका है. उन्हें बचाने के लिए अभियान जारी है. इस बीच, मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने शुक्रवार (6 फरवरी) को कहा कि उनकी सरकार कोयला खदान में विस्फोट के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी. संगमा ने कहा कि पुलिस को इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है और चेतावनी दी है कि अवैध खनन गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. मुख्यमंत्री ने घटना में जान गंवाने वालों के परिजनों को राज्य सरकार की ओर से 3 लाख रुपये का मुआवज़ा देने की घोषणा की. पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आई. नोंग्रांग ने गुरुवार को कहा, 'अब तक हमने 16 शव बरामद कर लिए हैं. विस्फोट के समय खदान के अंदर कितने मजदूर मौजूद थे, इसका अभी पता लगाया जा रहा है. और लोगों के फंसे होने की आशंका है.' खबरों के अनुसार, बाद में दो और मौतों की पुष्टि हुई, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 18 हो गई। अधिकारी ने बताया कि बचाव दल तलाश अभियान में जुटे हुए हैं. उन्होंने कहा कि यह घटना सुबह थांगस्कू इलाके में उस समय हुई, जब वहां कोयला खनन का काम चल रहा था, जिसे अवैध माना जा रहा है. पूर्वी जयंतिया हिल्स के पुलिस अधीक्षक विकाश कुमार ने बताया कि विस्फोट में घायल हुए एक व्यक्ति को पहले सुतंगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, बाद में बेहतर इलाज के लिए उसे शिलांग के एक अस्पताल में रेफर किया गया. जब उनसे पूछा गया कि क्या खदान अवैध रूप से चल रही थी, तो कुमार ने कहा, 'हां, ऐसा ही लगता है.' उन्होंने बताया कि विस्फोट के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है और मामले की जांच की जाएगी. इस बीच, मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रियों से घटनास्थल का दौरा करने, अधिकारियों से मिलने और बचाव, राहत और कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेने के लिए कहा गया है।

**दो खदान मालिक गिरफ्तार; बचाव अभियान जारी**

अवैध रूप से संचालित कोयला खदान में हुए विस्फोट के बाद फंसे हुए माने जा रहे मजदूरों को निकालने के लिए जारी बचाव अभियान के बीच शुक्रवार (6 फरवरी 2026) को दो खदान मालिकों को गिरफ्तार किया गया. मुख्यमंत्री संगमा ने कहा कि सरकार अवैध रैट-होल खदानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है. उन्होंने कहा, 'अब तक 1,000 से अधिक मामले दर्ज किए जा चुके हैं और कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है.' ज्ञात हो कि रैट-होल खनन - खदान में संकरी सुरंगों के जरिये कोयला निकालने की एक विधि है. राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) के 2014 के आदेश के अनुसार यह भारत में प्रतिबंधित है, क्योंकि इसमें शामिल जोखिमों के कारण खनिकों की मौत हो रही है।



मुख्यमंत्री ने विस्फोट के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है. उन्होंने स्थिति का जायजा लेने के लिए दो कैबिनेट मंत्रियों को भी मौके पर भेजा है. मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रियों से कहा गया है कि वे घटनास्थल का दौरा करें, अधिकारियों से मुलाकात करें और बचाव, राहत तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करें. बता दें कि पूर्वी जयंतिया हिल्स जिले में अवैध खनन के दौरान हादसे की ये पहली घटना नहीं है. जनवरी 2021 में जिले में एक कोयला खदान के अंदर काम करने के दौरान छह लोगों की मौत हो गई थी. इससे पहले दिसंबर 2018 में राज्य के पूर्वी जयंतिया हिल्स जिले के कसन क्षेत्र में इसी तरह की एक खनन दुर्घटना में 15 लोगों की मौत हो गई थी. तब खदान में पास की नदी का पानी भर गया था, जिसकी वजह से खदान में काम कर रहे मजदूर अंदर ही फंस गए थे. करीब सात महीने के बचाव अभियान के बाद केवल तीन शव बरामद किए गए थे. इस दुर्घटना से पता चला था कि मेघालय में एनजीटी द्वारा साल 2014 में प्रतिबंध लगाए जाने के बाद भी रैट होल खदानों में खनन जारी है. रैट होल खदान चूहों के बिल जैसी होती है, जिसमें संकरी सुरंगें खोदी जाती हैं, जिसके भीतर मजदूर जाते हैं और कोयला निकालकर लाते हैं. मेघालय हाईकोर्ट द्वारा गठित एक सदस्यीय समिति ने फरवरी 2025 में कहा था कि राज्य के छह कोयला समृद्ध जिलों में ऐसी गतिविधियां बेरोकटोक जारी हैं. मेघालय हाईकोर्ट को सौंपी गई रिपोर्ट में कहा गया था कि राज्य में अवैध कोयला खनन बेरोकटोक जारी है, जिसमें 1.69 लाख मीट्रिक टन (एमटी) अवैध रूप से खनन किए गए कोयले का पता चला है. समिति ने कहा था कि राज्य सरकार ने सितंबर 2022 के अदालती आदेश का अनुपालन करते हुए बताया कि मई और अगस्त 2022 के बीच पूर्वी जयंतिया हिल्स, दक्षिण गारो हिल्स और पश्चिम खासी हिल्स जिलों में 92,268.43 मीट्रिक टन (एमटी) कोयला जब्त किया गया. राज्य सरकार द्वारा नियोजित निजी फर्म ने इन जिलों में अतिरिक्त 41,477.54 मीट्रिक टन कोयला दर्ज किया।

